# कार्यालय,जिला शिक्षा अधिकारी जिला बीजापुर
# (छत्तीसगढ़)

Office phone no- 07853-220191 E m.ail – deo.bijapur02@gmail.com

क्रमांक/495 /जि.शि.अ./स्था./शिक्षा मितान/2026-27 बीजापुर, दिनांक 06/05/2026

## // वॉक-इन इन्टरव्यू (Walk In Interview) विज्ञापन //

जिले के अन्तर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में सुधार करने हेतु जिले के विद्यालयों में विषयवार रिक्त एवं आवश्यक पदो के विरूद्ध निम्नानुसार **शिक्षा मितान** की व्यवस्था किया जाना है।

अतः निम्न शर्तो के अनुसार रिक्त पद हेतु भर्ती के लिए बीजापुर जिले के इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारो का **वॉक इन इन्टरव्यू** (Walk In Interview)दिनांक 14/05/2026 से 15/05/2026 को आयोजित किया जावेगा बीजापुर जिले के इच्छुक एवं पात्र आर्हताधारी वांछित दस्तावेजो के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालयीन समय प्रातः 09:30 बजे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर में **वॉक इन इन्टरव्यू** (Walk In Interview) **हेतु** उपस्थित होवे। समय सारणी एवं रिक्त पदो का विवरण विषयावार निम्नानुसार हैः-

### वॉक-इन इंटरव्यू समय सारणी

| क्र. | विषय का नाम | वॉक इन इन्टरव्यू (Walk In Interview) का दिनांक | दिन | वॉक इन इन्टरव्यू (Walk In Interview) का स्थान | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गणित | 14/05/2026 | गुरूवार | सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर | 9:30 से 5:30 बजे तक |
| 2 | अंग्रेजी | 14/05/2026 | गुरूवार | सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर | 9:30 से 5:30 बजे तक |
| 3 | भौतिकी | 14/05/2026 | गुरूवार | सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर | 9:30 से 5:30 बजे तक |
| 4 | रसायन | 15/05/2026 | शुक्रवार | सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर | 9:30 से 5:30 बजे तक |
| 5 | जीव विज्ञान | 15/05/2026 | शुक्रवार | सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बीजापुर | 9:30 से 5:30 बजे तक |

### शिक्षा मितान रिक्त पदों का विवरण

| स.क्र. | जिला | अंग्रेजी | गणित | भौतिक | रसायन | जीव विज्ञान | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | बीजापुर | 8 | 8 | 6 | 2 | 3 | 27 |

Scanned with OKEN Scanner

**01.शैक्षणिक आर्हता :-**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत के साथ स्नातकोत्तर/समकक्ष एवं बी.एड.की उपाधि। ।

| क्र. | विषय | विषय समूह |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षा मितान गणित | गणित |
| 2 | शिक्षा मितान भौतिकी | भौतिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/एप्लाइड भौतिकी/न्यूक्लियर भौतिकी |
| 3 | शिक्षा मितान रसायन | रसायन/बायोकेमेस्ट्री |
| 4 | शिक्षा मितान अंग्रेजी | अंग्रेजी |
| 5 | शिक्षा मितान जीवविज्ञान | वनस्पति शास्त्र/प्राणी शास्त्र/लाइफ साइन्स/जैविकी /अनुवांशिकी(जेनेटिक्स) /सूक्ष्म जैविकी (माइक्रोबायोलॉजी)/जैव प्रोद्योगिकी(बायोटेक्नॉलाजी)/आणविक जीव विज्ञान (मालिकुलर बायोलॉजी) पादप कार्यिकी (प्लान्ट फिजियोलॉजी) तथा स्नातक स्तर में प्राणीशास्त्र अथवा वनस्पति शास्त्र विषय रहा हो। |

**02. चयन प्रक्रिया :-**

1. चयन प्रक्रिया स्नातकोत्तर योग्यता का 60 प्रतिशत एवं साक्षात्कार में कुल-40 अंक में से प्राप्त अंको को जोडकर मेरिट तैयार किया जायेगा।
2. व्यावसायिक योग्यता बी.एड.एवं बी.टी.आई. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
3. सर्व प्रथम राजस्व जिला बीजापुर के पात्र निवासी आवेदकों को चयन किया जायेगा। यदि राजस्व जिला बीजापुर से पात्र आवेदक नही मिलने पर राजस्व संभाग के पात्र आवेदकों को प्राथमिकता दिया जायेगा।
4. <u>**03. अन्य शर्ते :-**</u>

1. वॉक इन इंटरव्यू (Walk In Interview) के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त अंक सूची एवं अन्य दस्तावेज स्वयं के द्वारा सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. वॉक इन इंटरव्यू(Walk In Interview) हेतु <u>**आवेदनो का पंजीयन निर्धारित तिथि में प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जावेगा**</u>। निर्धारित समय के पश्चात् पंजीयन हेतु आवेदन मान्य नही किया जायेगा।
3. <u>**निर्धारित (संलग्न) प्रारूप में आवेदन भरकर जमा करना अनिवार्य है**</u>। अन्यथा किसी भी स्थिति में आवेदन मान्य नही किया जायेगा।
4. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा,जिसकी सूचना संबंधित आवेदक को पृथक से नही दिया जायेगा।
5. शिक्षा मितान मात्र एक अंतरिम व्यवस्था है,अत:किसी प्रकार का कोई नियमानुसार नियुक्ति/पदस्थापना आदेश जारी नहीं किये जायेंगे,अपितु चयनित होने के उपरांत संबंधित संस्था में कार्यभार ग्रहण कराने के औपचारिक निर्देश संस्था के प्राचार्य के द्वारा दिए जायेंगे।
6. शिक्षा मितान शैक्षणिक व्यवस्था है, नियोक्ताकर्ता द्वारा कभी भी सेवा समाप्त की जा सकेगी।
7. उक्त पद पूर्णतः अस्थाई है। यह नियुक्ति 30 अप्रैल 2027 तक के लिए होगी। उक्त अवधि में संबंधित विषय के नियमित शिक्षक की पदस्थापना शासन स्तर से होती है तो यह नियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जावेगी।

Scanned with OKEN Scanner

8. आवेदक को बीजापुर का मूल निवासी होना अनिवार्य है एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा।
9. चयन समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया ही मान्य किये जायेगें।
10. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यताएँ तथा अन्य जारी प्रमाण पत्र ही मान्य होगें।
11. निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जावेगा।
12. अन्य शिक्षको की भांति इन शिक्षकों को भी अन्य आबंटित शालेय कार्य यथा मूल्यांकन, शालेय गतिविधियां आदि से भागीदारी सुनिश्चित करना होंगा। जिसके लिये अतिरिक्ति मानदेय की पात्रता नहीं होगी।
13. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।
14. रिक्त पदों की संख्या घट-बढ़ एवं विलोपित हो सकती है, इसके लिए समिति का निर्णय अंतिम होगा।
15. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2026 को न्यूनतम 21 वर्ष होना चाहिए। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 की स्थिति में की जावेगी। उम्र की पुष्टि हेतु 10 वीं की अंक सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
16. विज्ञापन एवं आवेदन पत्र (निर्धारित आवेदन प्रारूप ही मान्य होगा) का विस्तृत प्रारूप तथा नियम-शर्ते बीजापुर जिले के वेबसाईट www.bijapur.gov.in एवं जिला शिक्षा कार्यालय बीजापुर के सूचना पटल पर देखा जा सकता हैं।
17. किसी भी विवाद की स्थिति में जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-बीजापुर

पृ.क्र./ /जि.शि.अ./स्था./शिक्षा मितान/2026-27 बीजापुर, दिनांक 06/05/2026

**प्रतिलिपि :-**

1. संचालक,लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़, नया रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर,जिला बीजापुर को सादर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक,लोक शिक्षण, बस्तर संभाग, जगदलपुर को सादर सूचनार्थ।
4. उपसंचालक, जनसम्पर्क बीजापुर की ओर सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ प्रेषित।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी(एन.आई.सी.)बीजापुर को सूचनार्थ एवं जिले वेबासाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।
6. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बीजापुर/भोपालपटनम/भैरमगढ़/उसूर को सूचनार्थ।
7. सर्व प्राचार्य/शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल जिला बीजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला-बीजापुर

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर,
## जिला-बीजापुर
### शिक्षा मितान पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम – शिक्षा मितान

आवेदित पद का विषय – ........................................

(अंग्रेजी/गणित/भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान)

हाल ही में खींचा हुआ रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो स्वयं से सत्यापित कर चस्पा करें

प्रति,

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला–बीजापुर

1. आवेदक का नाम (हिन्दी में)* – ........................................
   (अंग्रेजी में)* – ........................................
2. पिता/पति का नाम* – ........................................
3. जन्मतिथि अंको में* – ........................................
   (शब्दो में) * – ........................................
4. आयु दिनांक 01.01.2025 की स्थिति में* ..........दिन..........माह..........वर्ष
5. लिंग – पुरूष ☐ महिला ☐ अन्य ☐
6. क्या आप छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मूल निवासी है* – हॉ ☐ नहीं ☐ हॉ तो जिला का नाम– ....................
7. शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता का विवरण, जो कि अनिवार्य अर्हता में चाहा गया है* –

| क्र. | परीक्षा का नाम (परीक्षा का विवरण कक्षा 10वीं से अंकित करेंगें) | शिक्षा माध्यम हिन्दीं/अंग्रेजी | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 10 | | | | | | | | |

Scanned with OKEN Scanner

8.छत्तीसगढ़ राज्य शासन में शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्थान अथवा सार्वजनिक उपक्रम,निगम मंडल में शैक्षणिक कार्य का अनुभव का विवरण*–

| क्र. | नियोक्ता विभाग/ संगठन का नाम | संस्था/ प्रतिष्ठान का नाम जहॉं कार्य किया /कर रहे है | पदनाम | पद की प्रकृति (अस्थायी/ स्थायी/ संविदा/अन्य) | मसिक वेतन रू. में | कार्य ग्रहण अवधि दिनांक सहित | कुल अनुभव (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |

टीप *:– आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव की जॉच कराई जायेगी, जॉच में किसी भी प्रकार से गलत/भ्रामक जानकारी प्राप्त होने की स्थिति में आवेदक का आवेदन पद हेतु अमान्य किया जायेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, अतः असत्य जानकारी न दी जावे।

टीप*:– आवेदक को पद की पूर्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी/पत्राचार/ई–मेल/SMS के माध्यम से दिया जायेगा। अतः ध्यानपूर्वक ई–मेल एवं WhatsApp मोबाईल नंबर अंकित करें।

*निम्न बिन्दुओं की जानकारी हेतु उचित खाने में चिन्ह अंकित करें । यदि जानकारी हॉं में है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

9. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता* – ..................................................

.................................................. विकासखंड-..................

जिले का नाम–..................................पिन कोड–..............................

(STD) कोड......................लैंड लाईन नंबर..........................................

मोबाईल नंबर..................................................................................

ई मेल आई.डी...................................................................................

10. क्या आपके पास आवेदित पद के लिए शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताऍं है– हॉं ☐ नहीं ☐

12. जाति (अजजा/अजा/अपिव/अना)* –..................................................

13. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची* –

1. 10वीं/12वीं की अंकसूची ( आयु के सत्यापन के संबंध में 10वीं/अन्य की अंकसूची)*
2. अनुभव प्रमाण पत्रा (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)/अनापत्ति प्रमाण पत्र (नियोक्ता के द्वारा जारी)*
3. शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र*
4. बीजापुर जिले का मूल निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी)*
5. बी.एड./स्नातक/स्नातकोत्तर आदि योग्यता प्रमाण पत्र (संबंधित योग्यता के समस्त सेमेस्टर की अंकसूची आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं)*

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

पूरा नाम ..............................

## घोषणा – पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियॉं पूर्ण और सत्य है। त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी।

स्थान :– ..........................

दिनांक :– ..........................

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

पूरा नाम ..............................

Scanned with OKEN Scanner